दैनिक भास्कर

नाकाबंदी तोड़ कार ड्राइवर भागा, पीछा कर पुलिस ने पकड़ा:2 आरोपी गिरफ्तार, 8 कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब, बिना नंबरी कार जब्त

बाड़मेर जिले के आरजीटी थाना पुलिस ने मेगा हाईवे पर नाकाबंदी की हुई थी। बिना नंबरी कार का ड्राइवर नाकाबंदी तोड़कर भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर कार को रुकवाकर कार की तलाशी ली उसमें भरी 8 कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब मिली। इस पुलिस ने पूछताछ के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/rajasthan/barmer/news/rajasthan-barmer-rgt-police-2-accused-arrested-8-cartons-of-illegal-english-liquor-numberless-car-seized-131179055.html